## गुस्ताखी माफ



प्रिय हीरो की उम्र सुन, कन्या है हैरान।
निकले पापा से बड़े, अपने सल्लू खान।
अपने सल्लू खान, बन चुका बंदा साठा।
फिर भी देखो फिरे, किस तरह बनकर पाठा।
कह साहिल कविराय, सिक्स के पीछे जीरो।
अब तो सठिया चुका, देखिए अपना हीरो।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 352 | MONDAY 29-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER    Visit at : www.uturntime.com


# साइबर ठगों का चंडीगढ़ पर बड़ा हमला, 2025 में 44.07 करोड़ की ठगी, 150 FIR; 13 राज्यों से 147 आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 28 दिसंबर। स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ साइबर ठगों के बड़े निशाने पर है। डिजिटल सुविधाओं के साथ-साथ साइबर अपराध ने भी खतरनाक रफ्तार पकड़ ली है। वर्ष 2025 में अब तक चंडीगढ़ में 44 करोड़ 7 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी, 150 एफआईआर और 147 साइबर ठगों की गिरफ्तारी ने पुलिस प्रशासन और आम जनता दोनों की चिंता बढ़ा दी है। साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए चंडीगढ़ साइबर थाना पुलिस ने देश के 13 राज्यों में 93 बड़ी छापेमारी कर यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपी गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, पश्चिम बंगाल, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, झारखंड, असम, बिहार और दमन एवं दीव से पकड़े गए हैं।






## छापेमारी में बड़ा खुलासा

### गिरफ्तार आरोपियों के पास से

- 201 मोबाइल फोन
- 6 लैपटॉप
- 6 सिम बॉक्स

बरामद किए गए। इसके अलावा ठगी में इस्तेमाल हो रहे 430 संदिग्ध मोबाइल नंबर ब्लॉक किए गए।

### 2024 में सबसे ज्यादा नुकसान

पिछले वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि 2024 साइबर ठगी के लिहाज से सबसे घातक साल रहा, जब

- 112 एफआईआर
- 65.32 करोड़ रुपये की ठगी
- 88 गिरफ्तारियां
- केवल 8.16 करोड़ रुपये ही फ्रीज हो सके

### पांच वर्षों का साइबर अपराध रिकॉर्ड

- 2021 : 68 एफआईआर 3.16 करोड़ 36 गिरफ्तार
- 2022 : 144 एफआईआर 13.57 करोड़ 143 गिरफ्तार
- 2023 : 133 एफआईआर 22.55 करोड़ 112 गिरफ्तार
- 2024 : 112 एफआईआर 65.32 करोड़ 88 गिरफ्तार
- 2025 : 147 एफआईआर 44.07 करोड़ 147 गिरफ्तार

### ठगी के नए-नए तरीके

पुलिस के अनुसार साइबर अपराधी लगातार तरीके बदल रहे हैं, जिनमें

- डिजिटल अरेस्ट
- निवेश और ट्रेडिंग के नाम पर लालच
- ओटीपी और केवाईसी फ्रॉड
- फर्जी लोन ऐप
- ऑनलाइन खरीद-बिक्री में ठगी
- रिमोट एक्सेस ऐप से मोबाइल कंट्रोल कर ठगी शामिल हैं।

### 305 नोटिस, अंतरराज्यीय कार्रवाई

साइबर पुलिस ने 4सी समन्वय पोर्टल के माध्यम से 305 नोटिस जारी किए, जबकि अन्य राज्यों से आए 180 अनुरोधों पर भी कार्रवाई की गई। जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार डीजीपी ने कहा कि साइबर ठगी से बचाव का सबसे मजबूत उपाय जागरूकता है। साइबर स्वच्छता मिशन के तहत

- 98 जागरूकता सत्र
- 24,751 छात्रों को प्रशिक्षण
- 1,575 वरिष्ठ नागरिकों को घर-घर जाकर जागरूक किया गया। इसके अलावा एफएम रेडियो, सार्वजनिक घोषणाएं, साइबर कियोस्क और सोशल मीडिया के जरिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

### पुलिस की जनता से अपील

- किसी भी अधिकारी बताने वाले कॉलर की पहचान जरूर जांचें
- ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करें
- मजबूत पासवर्ड और टू-स्टेप वेरिफिकेशन अपनाएं
- शर्म या डर के कारण शिकायत न छिपाएं

### क्या न करें

- ओटीपी, पिन, सीवीवी साझा न करें
- डराने वाली कॉल से घबराएं नहीं
- अनजान लिंक और क्यूआर कोड से दूरी रखें

सावधानी ही बचाव है एक कॉल, एक क्लिक आपकी मेहनत की कमाई बचा सकता है।

### 8,495 शिकायतें, 150 मामले दर्ज

- साल 2025 में साइबर सेल को 8,495 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से कई का समाधान एफआईआर दर्ज किए बिना किया गया। गंभीर मामलों में 150 एफआईआर दर्ज की गईं। पुलिस के अनुसार इस वर्ष एफआईआर और गिरफ्तारी दोनों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

### डिजिटल अरेस्ट के 16 मामले, बुजुर्ग सबसे ज्यादा शिकार

- साइबर ठगी के नए और खतरनाक तरीके डिजिटल अरेस्ट के 16 मामले सामने आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा शिकार वरिष्ठ नागरिक बने हैं। 53 से 89 वर्ष की उम्र के पीड़ितों से करोड़ों की ठगी की गई। कई मामलों में 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों से 3 से 4 करोड़ रुपये तक की ठगी हुई। ठग खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी या ट्राई अधिकारी बताकर वीडियो कॉल के जरिए डराते हैं।

### 10.75 करोड़ रुपये फ्रीज, त्वरित शिकायत से बढ़ती है रिकवरी

- पुलिस की त्वरित कार्रवाई से 10 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि फ्रीज कराई गई। साइबर पुलिस का कहना है कि जितनी जल्दी पीड़ित शिकायत करता है, उतनी ही अधिक रकम वापस मिलने की संभावना रहती है।

## अवैध माइनिंग पर पुलिस की कार्रवाई, दो अलग-अलग मामलों में दो के खिलाफ केस दर्ज

डेराबस्सी, यूटर्न, 28 दिसंबर। डेराबस्सी पुलिस ने अवैध माइनिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए दो अलग-अलग मामलों में टिपर चालक और ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। दोनों मामलों में पुलिस ने अवैध माइनिंग में इस्तेमाल किए जा रहे टिपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी मोहाली हरमनदीप हांस के दिशा-निर्देशों पर की गई। थाना डेराबस्सी के एसएचओ सुमित मोर ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में अवैध माइनिंग की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों को ध्यान में रखते हुए बीती रात पुलिस द्वारा विशेष नाकाबंदी की गई थी। पहले मामले में पुलिस टीम बरवाला रोड पर नाकाबंदी कर जांच कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे एक टिपर को मौके पर रोककर चेक किया गया। जांच के दौरान टिपर में गटका (खनन सामग्री) लोड पाया गया। जब टिपर चालक से माइनिंग से संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा गया तो वह कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही टिपर को जब्त कर चालक के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। दूसरे मामले में पुलिस टीम मुबारिकपुर-रामगढ़ रोड पर स्थित गुग्गा माड़ी, गांव ककराली के पास मौजूद थी। इसी दौरान बिना नंबर की लाल रंग की ट्रैक्टर-ट्रॉली (मॉडल 855) आती दिखाई दी। पुलिस पार्टी को देखकर ट्रैक्टर-ट्रॉली का अज्ञात चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। बाद में जब ट्रॉली की जांच की गई तो उसमें ग्रेवर (बजरी) लोड पाई गई। जांच में सामने आया कि यह ग्रेवर घग्गर नदी से अवैध रूप से चोरी कर लाई गई थी। पुलिस ने दोनों मामलों में टिपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि अवैध माइनिंग के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।




रस्म पगड़ी एवं भोग



आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय माता जी

**श्रीमती जमना देवी**

(पत्नी स्व:श्री गुरदियाल चन्द गाबा)

का दिनांक 18 दिसम्बर 2025 को आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी आत्मिक शांति के लिए रखे गए श्री गरूड़ पुराण के पाठ का भोग एवं रस्म पगड़ी दिनांक 29 दिसम्बर 2025 दिन सोमवार को दोपहर 2.00 से 3.00 बजे तक श्री नवदुर्गा मंदिर, सराभा नगर, लुधियाना में होगी।

शोकाकुल परिवार

**Late Rakesh Gaba-Kamlesh Gaba** (Son & Daughter-in-Law)
**Sanjeev Kumar (Rinku Gaba)-Teena Gaba** (Son & Daughter-in-Law)
**Darshana Rani- Late Desh Raj Popli** (Daughter & Son-in-Law)
**Nirmala Rani-Vinay Gandhi** (Daughter & Son-in-Law)
**Sunita Rani-Shyam Poplay** (Daughter & Son-in-Law)
**Usha Rani-Subhash Kwatra** (Daughter & Son-in-Law)
**Himanshu Gaba, Harshul Gaba, Manas Gaba** (Grandson)
**Charu, Ruchika** (Granddaughters)

**SHIVA PROCESSORS**

Dyeing Complex, Bahadurke Road, Ludhiana
M : 9501035355, 8360919235

## सराभा नगर ब्लॉक-एच में तीसरी बार होटल की सील टूटने का मामला

# होटल मालिक पर मारपीट के आरोप, इलाका निवासियों ने पुलिस को दी कंप्लेंट, निगम कमिश्नर-डीसी को भी शिकायत, 24 घंटे बाद भी एक्शन नहीं

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/28 दिसंबर। सराभा नगर के ब्लॉक-एच में रिहायशी एरिया और 30 फीट चौड़ी सड़क पर इललीगल तरीके से बन रहे होटल पर निगम द्वारा लगाई सील को मालिक बब्बू टक्कर द्वारा तीसरी बार तोड़ दिया गया। शनिवार रात सील तोड़ने के दौरान होटल मालिक और उसके कारिंदों का सराभा नगर एच ब्लॉक वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों और इलाका निवासियों के साथ विवाद हो गया। इलाका निवासियों ने होटल मालिक पर गाली गलौच करने और एसोसिएशन के प्रेजिडेंट अशोक जैन, वाइस प्रेजिडेंट विजय अग्रवाल और उनके बेटे मोहक अग्रवाल के साथ मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। रविवार को सभी इलाका निवासी इकट्ठे होकर थाना डिवीजन नंबर पांच पहुंचे। जहां उन्होंने लिखित रुप में होटल मालिक के खिलाफ शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।



शनिवार शाम करीब छह बजे तीसरी बार सील किया होटल



पुलिस को दी शिकायत की जानकारी देते इलाका निवासी

### डीसी और निगम कमिश्नर को शिकायत, नहीं हुआ एक्शन

हालांकि इस मामले संबंधी सराभा नगर एच ब्लॉक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेजिडेंट अशोक जैन ने बताया कि उन्होंने शनिवार रात ही नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल और डीसी हिमांशु जैन को व्हाट्सएप पर फोटोज, वीडियो समेत शिकायत कीष लेकिन 24 घंटे बाद भी कोई एक्शन नहीं हुआ। जिसके चलते उन्होंने खुद ही थाने जाकर शिकायत दी।

### मात्र दो घंटे में ही उखाड़ डाली निगम की सीलिंग

हैरानी की बात तो यह है कि होटल मालिक इतना बाहुबली है कि उसे कानून का कोई डर ही नहीं है। जिसके चलते उसने बिना किसी डर के तीसरी बार निगम की सील तोड़ डाली। अशोक जैन ने बताया कि निगम अफसरों ने शनिवार करीब छह बजे सील लगाई। लेकिन रात को आठ बजे के करीब मालिक ने सील भी तोड़ दी। चर्चा है कि मालिक के पीछे बड़े राजनेता और अफसर का हाथ है। इसी के चलते निगम भी उस पर एक्शन लेने से कतरा रहा है।

### क्या अब भी दो साल बाद होगी एफआईआर

वहीं लोगों में चर्चा है कि पक्खोवाल रोड स्थित हीरो बेकरी को भी सितंबर 2023 में सील किया गया था। मालिक ने सील तोड़ दी। निगम अफसरों ने कोई एक्शन नहीं लिया। फिर विवाद बढ़ने पर खानापूर्ति के लिए दो साल बाद एफआईआर कर दी। जिसमें गिरफ्तारी भी नहीं हो सकी। चर्चा है कि क्या अब इस मामले में भी निगम दो साल बाद एफआईआर करवाएगी।



शाम करीब 8 बजे टूटी सील

### एटीपी मोहन सिंह व इंस्पेक्टर तरुण सीलें टूटने की बात से अच्छी तरह जानकार



बता दें कि एटीपी मोहन सिंह और इंस्पेक्टर तरुण होटल मालिक द्वारा पहले भी दो बार सील तोड़ने की बात से अच्छी तरह से जानकार है। यह बात कोई और नहीं बल्कि दोनों अफसर खुद एक वीडियो में कह रहे हैं। दरअसल, इस होटल को निगम ने करीब छह महीने पहले सील किया, तो मालिक ने सील तोड़ दी। फिर दूसरी बार एटीपी मोहन सिंह व इंस्पेक्टर तरुण उक्त होटल को सील करने आए। इस दौरान इलाका निवासियों ने वीडियो बनाई, जिसमें दोनों अफसर खुद सील टूटने की बात मानें। इलाका निवासियों के अनुसार हैरानी की बात तो यह है कि सील टूटने के बावजूद अफसरों ने होटल मालिक पर एक्शन नहीं लिया। जिससे चर्चा छिड़ गई है कि अफसर खुद इस बात की टेंशन नहीं लेते कि कोई सील तोड़ रहा है या नहीं। जबकि कुछ भ्रष्ट अफसरों की मिलीभगत से ही सीलें टूटने की चर्चा है।

### बाहुबलियों के लिए पेड़ से आम तोड़ने जितना आसान सील तोड़ना

आज कल शहर में निगम द्वारा सील की जाने वाली बिल्डिंगों की सीलें अक्सर ही टूटने की बातें सामने आती रहती है। ज्यादातर सीलें बाहुबलियों की बिल्डिंगों की ही टूटती है।

चर्चा है कि निगम अफसरों की पहले बाहुबलियों से सेटिंग होती है, जिसके बाद उक्त अफसर ही सीलें तुड़वा देते हैं। तभी बाद में वह एफआईआर दर्ज नहीं करवाते। जबकि एक बार सील टूटने पर ही निगम कानून का उल्लंघन माना जाता है। लेकिन आज कल शहर में चर्चा है कि निगम की सील तोड़ना पेड़ से आम तोड़ने के बराबर है। अफसर भी कहते हैं कि जिसने सील तोड़नी, तोड़े दो, हमें कोई प्रवाह नहीं।

## पंजाब सरकार की आपत्ति से बीबीएमबी का 18 मेगावाट होशियारपुर सोलर प्रोजेक्ट रुका

चंडीगढ़/यूटर्न/28 दिसंबर। होशियारपुर जिले के तलवाड़ा टाउनशिप में भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) के प्रस्तावित 18-मेगावाट सोलर पावर प्रोजेक्ट पर पंजाब सरकार की आपत्ति के बाद रोक लगा दी गई है, जिससे इस क्षेत्र में रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट के भविष्य पर सवालिया निशान लग गया है। यह विवाद अतिरिक्त जमीन के मालिकाना हक और इस जगह पर सोलर पावर प्लांट बनाने और चलाने के लिए बीबीएमबी के अधिकार को लेकर है। बीबीएमबी ने इस प्रोजेक्ट के लिए तलवाड़ा में अपनी लगभग 70 एकड़ अतिरिक्त जमीन तय की थी, जिसका निर्माण और काम सतलुज जल विद्युत निगम (एसजेवीएन) द्वारा किया जाना था, जो हाइड्रो और रिन्यूएबल एनर्जी में विशेषज्ञता वाली एक जॉइंट वेंचर पावर यूटिलिटी है।



### डीसी की मंजूरी के बाद आई आपत्ति

पंजाब की आपत्ति होशियारपुर के डिप्टी कमिश्नर द्वारा पहले दी गई मंजूरी को पलटने के बाद आई है, जिसमें सोलर इंफ्रास्ट्रक्चर लगाने के लिए जरूरी लगभग 4,000 पेड़ों को काटने की अनुमति भी शामिल थी। राज्य सरकार ने पेड़ काटने पर रोक लगाने और प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की मंजूरी वापस लेने के लिए पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम (पीएलपीए) के प्रावधानों का इस्तेमाल किया।

### निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर जोखिम में

बीबीएमबी अधिकारियों ने कहा कि बोर्ड पहले ही साइट से बिजली निकालने के लिए ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने में लगभग 8 करोड़ का निवेश कर चुका है। यह लागत अब बढ़ सकती है अगर प्रोजेक्ट अधर में रहता है। बीबीएमबी के सीनियर इंजीनियरों ने चेतावनी दी है कि लंबे समय तक देरी से एसजेवीएन भी प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी पर फिर से विचार कर सकता है, और अगर जल्द ही स्थिति साफ नहीं हुई तो वह पूरी तरह से पीछे हट सकता है। बताया जा रहा है कि बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी आगे का रास्ता खोजने के लिए पंजाब अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं।

**राज्य का रुख : जमीन पंजाब को वापस मिलनी चाहिए...**सरकारी सूत्रों के अनुसार, पंजाब का कहना है कि जिस अतिरिक्त जमीन पर सोलर प्रोजेक्ट प्रस्तावित था, वह राज्य के मालिकाना हक में वापस आनी चाहिए, और बीबीएमबी के पास राज्य की सहमति के बिना ऐसी जमीन पर रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट चलाने का स्पष्ट अधिकार नहीं है। प्रशासन को पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में भी चिंता है, खासकर ऐसे क्षेत्र में हजारों पेड़ों की कटाई के बारे में जहां वन क्षेत्र और पारिस्थितिक संतुलन संवेदनशील मुद्दे हैं। अधिकारियों ने प्रोजेक्ट को रोकने के लिए पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम को एक मुख्य कानूनी आधार बताया, और जंगल की कटाई को रोकने और भूमि संसाधनों की रक्षा के लिए राज्य की रेगुलेटरी शक्तियों पर जोर दिया।

**नवीकरणीय ऊर्जा संदर्भ और व्यापक प्रभाव...**यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब पंजाब विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा पहलों पर काम कर रहा है। हालांकि राज्य सरकार ने हाल के वर्षों में स्वच्छ ऊर्जा सोर्सिंग को बढ़ावा देने के लिए बड़े सौर ऊर्जा खरीद समझौते किए हैं, लेकिन स्थानीय प्रोजेक्ट के एग्जीक्यूशन में चुनौतियां आई हैं, जिसमें नीतिगत और नौकरशाही बाधाएं शामिल हैं। आलोचकों का तर्क है कि होशियारपुर सौर संयंत्र जैसे रुके हुए प्रोजेक्ट पंजाब की राज्य में नवीकरणीय क्षमता का विस्तार करने की महत्वाकांक्षाओं में बाधा डाल सकते हैं।

## बलटाना वार्डबंदी पर आपत्ति, नगर परिषद चुनाव में हर सीट जीतने का लक्ष्य: खटकड़



जीरकपुर, यूटर्न, 28 दिसंबर। हाईकमान से सभी वार्डो से सच्चे मेहनती और लंबे समय से निस्वार्थ पार्टी की सेवा कर रहे सिपाहियों को मैदान में उतरने की अपील की मण्डल अध्यक्ष सुरेश खटकड़ ने नगर परिषद के चुनाव की रुपरेखा के लिए की मीटिंग। मण्डल अध्यक्ष खटकड़ कहा की वार्ड बंदी तो कर दी परंतु तकरीबन वार्ड बहुत गलत तरीके से आम आदमी पार्टी ने अपने कंडीडेट ज्यादा से ज्यादा जीत हासिल कर सके उनके मुताबिक बनाये है। बलटाना के वार्डो का एतराज फाइल करने को कहा और खटकड़ ने सपष्ट किया की बलटाना मंडल का हिस्सा पभात तक आता है इसलिए तकरीबन 11 वार्ड मेरे मंडल के हिस्से आयेंगे। सभी वार्डो से सच्चे मेहनती और लंबे समय से निस्वार्थ पार्टी की सेवा कर रहे सच्चे भाजपा के सिपाहियों को मैदान में उतारा जाए। उन्होंने कहां की हाईकमान से विनती करूंगा मुझे मेरे मंडल में सभी की जीत चाहिए हम सब इतनी मेहनत करेंगे मुझे विश्वास है। शीर्ष नेतृत्व मेरी बात पर जरूर ध्यान देगा मीटिंग मण्डल अध्यक्ष सुरेश खटकड़ की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में मण्डल के महासचिव विशाल सिद्धू उपप्रधान शिशुपाल गाबा, भजनलाल मोदी, गणेश शर्मा, रवि रावल, राजमणि तिवारी व्यापार सैल के प्रधान परवीन मित्तल, दीक्षित सिंगला, राजीव गुप्ता, शिशुपाल, सुनील रेढू अंकुश और बस्सी उपस्थित रहे।

## 2025 में पंजाब की स्वास्थ्य क्रांति: आम आदमी क्लीनिक से लेकर लीवर ट्रांसप्लांट तक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ



चंडीगढ़, यूटर्न, 28 दिसंबर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने वर्ष 2025 के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। प्राथमिक देखभाल से लेकर उन्नत तृतीयक उपचार तक, राज्य ने सुलभ, किफायती और आधुनिक स्वास्थ्य ढांचा खड़ा करते हुए नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि 881 आम आदमी क्लीनिकों में अब तक 4.59 करोड़ से अधिक मरीजों ने उपचार लिया है, जिनमें 1.59 करोड़ यूनिक मरीज शामिल हैं। इन क्लीनिकों में 107 दवाइयाँ और 47 जांचें पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध हैं, जबकि 235 नए क्लीनिक प्रगति पर हैं।

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रति परिवार वार्षिक कवरेज को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने का निर्णय लिया है, जिससे पंजाब देश का पहला राज्य बनेगा जहाँ हर परिवार को 10 लाख रुपये तक कैशलेस इलाज मिलेगा। आवश्यक दवाओं की सूची 360 तक बढ़ाई गई है और अप्रैल 2025 से अब तक 104 करोड़ रुपये से अधिक की दवाइयों की खरीद की गई है। चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में मोहाली स्थित पीआईएलबीएस में सरकारी स्वास्थ्य सुविधा में पहली सफल लीवर ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई। साथ ही, अमृतसर, पटियाला, मोहाली, फरीदकोट और न्यू चंडीगढ़ के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पीजी सीटें बढ़ाई गई हैं।

'सीएम की योगशाला' पहल से करीब 6 लाख लोगों को लाभ मिला है, जबकि डेंगू के खिलाफ अभियान से मामलों में 70% और मौतों में 90% तक कमी आई है। स्टेमी और स्ट्रोक परियोजनाओं के तहत हृदयाघात व स्ट्रोक मरीजों को महंगे इंजेक्शन और उपचार मुफ्त उपलब्ध कराए जा रहे हैं। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार एक मजबूत, समावेशी और भविष्य-तैयार स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## लुधियाना का ग्राउंड वाटर लेवल डाउन और रिश्वत अप, राजनेता बन रहे अनजान

# निगम जोन-बी और जोन-सी में 50 हजार दो और सबमर्सिबल पंप लगवाओं का चल रहा खेल, आउटसोर्स पर रखे एसडीओ-जेई बने मोहरा

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/28 दिसंबर। लुधियाना नगर निगम की हद के अंदर केंद्र सरकार की ग्राउंड वाटर पॉलिसी की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दरअसल, नगर निगम के जोन-बी और जोन-सी में सरेआम अवैध तरीके से सबमर्सिबल पंप लगाए जा रहे हैं। चर्चा है कि इन पंप को लगवाने में बड़े लेवल पर रिश्वत का खेल हो रहा है। जिसमें आउटसोर्स पर रखे एसडीओ और जेई को मोहरा बनाया गया है। उन्हें आगे रखकर अवैध तरीके से धड़ल्ले से पंप लगवाए जा रहे हैं। जिसमें एसडीओ-जेई के अलावा मंत्री से लेकर संतरी द्वारा मोटी रिश्वत भी लेने की चर्चाएं हैं। चर्चा है कि दोनों जोन में अब तक हजारों सबमर्सिबल पंप इसी तरीके से लगाए जा चुके हैं। जबकि अभी भी रोजाना 15 से 20 पंप लगाए जा रहे हैं। वहीं, अगर सेंट्रल ग्राउंड वाटर




पॉलिसी को देखें तो लुधियाना में सबमर्सिबल पंप लगाए ही नहीं जा सकते। लेकिन रिश्वत लेने के चक्कर में जनता के मंत्री से लेकर संतरी और आउटसोर्स पर रखे अधिकारी पंप लगवाकर जमीन के नीचे का पानी तो कम कर ही रहे हैं, साथ में सरकारी खजाने को भी भारी मात्रा में चूना लगा रहे हैं। अब देखना होगा कि लोकल बॉडी विभाग, मंत्री रवजोत सिंह और निगम कमिश्नर इस मामले एक्शन लेते हैं या नहीं।

**आउटसोर्स के अधिकारी कर रहे बड़ा कारनामा...**चर्चा है कि निगम में आउटसोर्स पर एसडीओ और जेई रखे गए हैं। आउटसोर्स पर होने के चलते उनकी जिम्मेदारी तय नहीं होती। न छुट्टी कटती है और न ही कोई एक्शन होता है। उन्हें अपनी नौकरी जाने या कार्रवाई होने का डर भी नहीं होता। जिसके चलते उनकी और से धड़ल्ले के साथ सबमर्सिबल पंप लगवाए जा रहे हैं। इस पूरा कारनामे में कुछ मंत्री से लेकर संतरी को भी वह भागीदार बना लेते हैं, ताकि उन्हें कोई रोकटोक न हो। इसी कारण उच्च अधिकारी भी कुछ नहीं बोल पाते।

**35 से 50 हजार रिश्वत तय, फिर होती बंदरबांट...**चर्चा है कि एक सबमर्सिबल पंप लगवाने के लिए 35 से 50 हजार तक की रिश्वत तय है। यानि कि अगर किसी ने अपने घर पर सबमर्सिबल लगवाना है तो वह उक्त आउटसोर्स अफसरों से संपर्क करता है। जिसके बाद उक्त पेमेंट में से 20 से 30 हजार जेई-एसडीओ लेते हैं। बाकी का हिस्सा उनके सिर पर हाथ रखने वाले बाहुबलियों को मिलता है। अब वे बाहुबली कौन-कौन है, उनकी निगम अफसरों को तलाश करने की जरुरत है।

**सरकारी रिकॉर्ड में नहीं चढ़ते पंप...**चर्चा है कि आउटसोर्स अफसरों द्वारा दो तरीके से सबमर्सिबल पंप लगवाए जाते हैं। एक तो 50 हजार तक रिश्वत लेकर लगवाते हैं। जिनका निगम में कोई रिकॉर्ड ही नहीं होता, न ही वे इसकी जानकारी ऑफिस में देते हैं। वहीं दूसरा सिफारिशी सबमर्सिबल लगवाते हैं। जिसमें अफसर 2010 से लेकर अब तक की पूरी फीस 300 रुपए प्रति महीने के मुताबिक सरकारी खाते में जमा करवा देते हैं। फिर रिकॉर्ड में दिखाया जाता है कि पंप 2010 से लगा है। जिसकी एवज में मोटी रिश्वत भी ली जाती है। मगर नियमों के मुताबिक पूरी फीस जमा करवाकर भी पंप नहीं लगाया जा सकता।

**निगम की हद अंदर नहीं लग सकते सबमर्सिबल...**अगर नियमों को देखें तो नगर निगम की हद के अंदर हर इलाके में पानी सप्लाई है। जहां पर निगम पानी की सप्लाई है, वहां किसी भी हाल में सबमर्सिबल नहीं लग सकता। वहीं सेंट्रल ग्राउंड वाटर पॉलिसी के मुताबिक ग्राउंड वाटर लेवल कम होने पर 2010 के बाद सबमर्सिबल पंप पर रोक लगा दी गई थी। यानि कि 2010 के बाद पंप लगवाना गैरकानूनी है। मगर आज भी कई अफसर पंप लगाने को मंजूरी दे देते हैं। जबकि वे सरासर इललीगल है।

### नेताओं की पर्चियां का चल रहा खेल

वहीं चर्चा है कि जोन-बी और जोन-सी में कई नेताओं द्वारा अपनी पर्चियां चलाई जा रही हैं। यानि कि अगर किसी ने सबमर्सिबल लगवाने के लिए पेमेंट भेज दी तो उसे पर्ची मिल जाती है। जिसके बाद कोई उसे रोकता टोकता नहीं है। हालांकि यह चर्चाएं हैं, अब इसमें कितनी सच्चाई है, यह कहा नहीं जा सकता।

### क्या राजनेता हैं अनजान ?

वहीं चर्चा है कि जोन-सी और डी में सरेआम अवैध तरीके से सबमर्सिबल पंप लगाने की पूरे शहर को जानकारी है और सोशल मीडिया पर भी आए दिन पंप लगाने की वीडियो सामने आ रही है। लेकिन फिर भी उन हल्कों के मंत्री से लेकर संतरी को इसका पता नहीं चल पा रहा। वहीं चर्चा है कि क्या राजनेता इस बात से अनजान है या जानबूझकर देखकर अनदेखा कर रहे हैं या मिलीभगत है। अब यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# लुधियाना में अब देर रात तक रेस्त्रां व होटलों में नहीं होंगी पार्टियां, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

लुधियाना/यूटर्न/28 दिसंबर। लुधियाना में शहर में बढ़ती अनुशासनहीनता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने देर रात रेस्टोरेंट्स में होने वाली पार्टियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

प्रशासन द्वारा जारी नई एडवाइजरी के अनुसार, रेस्टोरेंट मालिकों को कड़े निर्देशों का पालन करना होगा। विशेष रूप से निर्धारित समय के बाद शराब परोसने पर पूर्णतः मनाही रहेगी। वहीं 25 साल से कम उम्र वाले युवाओं को शराब नहीं परोसी जाएगी। उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और



लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी भी दी गई है। लुधियाना में रेस्टोरेंट मालिकों और ग्राहकों के लिए प्रशासन ने सख्त एडवाइजरी जारी की है। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने विशेष रूप से टीमों का गठन किया है जो लगातार अलग-अलग इलाकों में रेड करेगी। जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने कहा कि युवाओं को गलत रास्ते पर जाने से हमें रोकना है। प्रशासन द्वारा जारी नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी टीमें शाम के समय अचानक निरीक्षण करेंगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर रेस्टोरेंट मालिकों और संबंधित वयस्कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह शहर के हित में है और सभी को मिलकर इसे सफल बनाना होगा।

## जीरकपुर में रात को ट्रैफिक पुलिस का स्पेशल नाका, ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्त कार्रवाई

जीरकपुर, यूटर्न, 28 दिसंबर। सड़क सुरक्षा को लेकर जीरकपुर ट्रैफिक पुलिस ने रात के समय स्पेशल नाका लगाकर ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। इस दौरान नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 3 ई-चालान जारी किए। नाके के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने केवल ड्रिंक एंड ड्राइव ही नहीं, बल्कि सीट बेल्ट न लगाने, बिना हेलमेट और बिना वैध कागजों के वाहन चलाने वालों पर भी नजर रखी। नियमों का उल्लंघन करते पाए गए



वाहन चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि आगे नियमों की अनदेखी की गई तो भारी चालान भुगतने के लिए तैयार रहें।

ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज गुरबीर सिंह ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि नशे में वाहन चलाना न सिर्फ चालक बल्कि आम जनता की जान के लिए भी खतरा है।

# कांग्रेस स्थापना दिवस पर लुधियाना में शक्ति प्रदर्शन, अमृता वड़िंग की सक्रियता से सियासी हलचल तेज

लुधियाना, यूटर्न, 28 दिसंबर। कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस के मौके पर लुधियाना में आयोजित बैठकों और जनसभाओं ने शहर की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी। पंजाब कांग्रेस प्रधान एवं सांसद राजा वड़िंग की पत्नी अमृता राजा वड़िंग की बढ़ती सक्रियता को संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पक्खोवाल रोड स्थित पंजाब माता नगर में जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह ओसाहन के निवास पर आयोजित बैठक में अमृता वड़िंग ने कार्यकताओं से पार्टी को पुनः मजबूत करने का आह्वान किया।



## नए साल से पहले बलटाना में सघन पुलिस चेकिंग, होटल-ढाबों और बस स्टैंड पर कड़ी निगरानी





जीरकपुर, यूटर्न, 28 दिसंबर। नए साल के जश्न को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार रविवार को बलटाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान होटल-ढाबों, झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों, बस स्टैंड और अन्य संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर गहन जांच की गई। इस चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य नए साल के मौके पर अवैध गतिविधियों, आपराधिक तत्वों की आवाजाही, अवैध ठहराव, नशाखोरी और किसी भी अप्रिय घटना पर समय रहते रोक लगाना रहा। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अभियान का नेतृत्व बलटाना पुलिस चौकी इंचार्ज गुरप्रीत सिंह ने किया। पुलिस टीमों ने बस स्टैंड पर खड़ी बसों की तलाशी ली, यात्रियों के सामान की जांच की और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। इस दौरान कई यात्रियों के यात्रा संबंधी दस्तावेज भी जांचे गए। वहीं क्षेत्र के होटलों और ढाबों में भी विशेष चेकिंग की गई। पुलिस ने होटल रजिस्टर खंगालते हुए यह सुनिश्चित किया कि सभी मेहमानों की एंट्री विधिवत दर्ज हो। होटल संचालकों और स्टाफ को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को ठहराया न जाए।चौकी इंचार्ज गुरप्रीत सिंह ने बताया कि नए साल की पूर्व संध्या और जश्न के दौरान अपराधियों की गतिविधियां बढ़ने की आशंका रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए लगातार चेकिंग और गश्त की जा रही है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में बलटाना और आसपास के क्षेत्रों में इसी तरह के चेकिंग अभियान और पेट्रोलिंग जारी रहेगी, ताकि लोग नए साल का स्वागत बिना किसी डर और सुरक्षित माहौल में कर सकें।

**होटल संचालकों के लिए पुलिस के निर्देश...**बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को कमरा देना कानूनन अपराध है। होटल रजिस्टर में प्रत्येक आगंतुक की सही और पूरी जानकारी दर्ज करना अनिवार्य है। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस चौकी को दी जाए।




# खरखौदा में विकास की बरसात, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किए करोड़ों के ऐलान

चंडीगढ़, यूटर्न, 28 दिसंबर। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को खरखौदा में आयोजित विकास रैली में क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार सुशासन, पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने खरखौदा शहर में कूड़ा निपटान के लिए 8.37 करोड़ रुपये की लागत से प्लांट लगाने, मुख्य पार्क के विकास के लिए 8 करोड़ रुपये, स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 3.50 करोड़ रुपये तथा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए राशि



देने की घोषणा की। इसके अलावा डिजिटल लाइब्रेरी, पेयजल परियोजना, सड़कों के निर्माण व मरम्मत और कच्चे रास्तों को पक्का करने जैसे कई कार्यों की भी घोषणा की गई।

उन्होंने बताया कि खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में अब तक 2,081 करोड़ रुपये के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं। युवाओं के लिए रोजगार को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि नव वर्ष पर पुलिस व अन्य विभागों में नई भर्तियां निकाली जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खरखौदा अब तेजी से उभरता औद्योगिक केंद्र बन रहा है और यहां विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्रियों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## टाइल फैक्ट्री से केबल वायर चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार, चोरीशुदा माल बरामद

पंचकूला, यूटर्न, 28 दिसंबर। पिंजौर थाना क्षेत्र में टाइल फैक्ट्री से केबल वायर चोरी के मामले में पंचकूला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ टीम ने इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा माल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ए. रंगनाथन, निवासी जीरकपुर (पंजाब) ने थाना पिंजौर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि दिनांक 11 दिसंबर 2025 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फैक्ट्री से केबल वायर काटकर चोरी कर ली गई।शिकायत के आधार पर थाना पिंजौर में मुकदमा दर्ज कर धारा 305, 331(4) इठर के तहत दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर करण उर्फ जादू पुत्र रतनलाल, निवासी महादेव कॉलोनी सूरजपुर को 27 दिसंबर को अमरावती अंडर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई केबल वायर बरामद की गई है।आरोपी को न्यायालय में पेश कर 14 दिन के ज्यूडिशियल रिमांड पर जिला कारागार भेजने की प्रार्थना की गई है। मामले की आगे की जांच जारी है।




# हरियाणा पुलिस ने 2026 की कार्ययोजना पर कसी कमर, अपराधियों पर सख्ती और जनविश्वास पर रहेगा फोकस

पंचकुला, यूटर्न, 28 दिसंबर। वर्ष 2026 में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस ने अपनी अपराध नियंत्रण रणनीति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज कर दी है। हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में आयोजित उच्चस्तरीय मंथन बैठक में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओ.पी. सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भविष्य की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में वर्ष 2025 के अनुभवों, चुनौतियों और उपलब्धियों का विश्लेषण करते हुए आगामी वर्ष के लिए पुलिसिंग को अधिक प्रो-एक्टिव, परिणामोन्मुख और जन-केंद्रित बनाने पर सहमति बनी। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि अपराध पर नियंत्रण के साथ-साथ आम लोगों का भरोसा कायम रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।



### आदतन अपराधियों पर कड़ी नजर

डीजीपी ने निर्देश दिए कि जिन अपराधियों पर कई मामले दर्ज हैं और जो जमानत पर बाहर हैं, उनकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। दोबारा अपराध की आशंका होने पर जमानत रद्द कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने के आदेश भी दिए गए।

### नशा तस्करी के खिलाफ आक्रामक नीति

एनडीपीएस मामलों में कार्रवाई को और तेज करने पर जोर देते हुए अवैध संपत्तियों की पहचान और जब्ती को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही नशा मुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर प्रभावी परिणाम सुनिश्चित करने को कहा गया।

### आतंक और संगठित अपराध पर जीरो टॉलरेंस

डीजीपी ने स्पष्ट किया कि आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल जरूरी है, ताकि किसी भी खतरे को शुरूआती स्तर पर ही निष्क्रिय किया जा सके।

### Track Down और Hotspot Domination अभियान जारी रहेंगे

अपराधियों में डर और जनता में सुरक्षा का भाव बनाए रखने के लिए विशेष अभियानों को लगातार चलाने के निर्देश दिए गए। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और अपराध संभावित इलाकों में नियमित पुलिस कार्रवाई पर जोर दिया गया। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला स्तर पर साइबर यूनिट को और सशक्त बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि पीड़ितों को त्वरित राहत मिल सके। अपने संबोधन में डीजीपी ओ.पी. सिंह ने कहा कि हरियाणा पुलिस 2026 में तकनीक आधारित, संवेदनशील और प्रभावी पुलिसिंग के जरिए राज्य में शांति और सुरक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से पेशेवर निष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## सेक्टर-19 औद्योगिक क्षेत्र में मजदूर पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी पटियाला से गिरफ्तार

पंचकूला, यूटर्न, 28 दिसंबर। पंचकूला के सेक्टर-19 पुलिस चौकी टीम ने इंचार्ज एसआई मलकीत सिंह के नेतृत्व में एक मजदूर पर चाकू से हमला करने के मामले में फरार हुए आरोपी को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। सेक्टर-19 फेज-II औद्योगिक क्षेत्र में मजदूर हरि सिंह पर उसके साथी ने बिना कारण गाली-गलौच के बाद पेट में किसी नुकीली वस्तु से वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।पुलिस चौकी सेक्टर-19 द्वारा मामले की जांच करते हुए पीड़ित का बयान दर्ज किया गया। मेडिकल रिपोर्ट व बयान के आधार पर थाना सेक्टर-20 पंचकूला में धारा 115(2), 118(1), 351(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी गरनैल राम, निवासी राम नगर चुन्नी, देवीगढ़, जिला पटियाला (पंजाब) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



# सातवीं मंज़िल से गिरने के कारण 78 वर्षीय बुजुर्ग की हुई मौके पर मौत

जीरकपुर, यूटर्न, 28 दिसंबर। जीरकपुर स्थित रॉयल एस्टेट सोसाइटी में रविवार को एक दुखद घटना सामने आई, जहां 78 वर्षीय बुजुर्ग पुष्पिंदर सिंह तुलसी ने टावर नंबर 22 की सातवीं मंज़िल से छलांग लगा दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक फ्लैट नंबर 505 टावर नंबर 21 के पांचवें फ्लोर के निवासी थे जो कि हाल में चंडीगढ़ के एक ओल्ड एज होम में रह रहे थे और बीबीएमबी (भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड) से सुप्रिटेंडेंट इंजीनियर पद से सेवानिवृत्त थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पिंदर सिंह की पत्नी का कुछ समय पहले निधन हो चुका था। हाल ही में उनके बेटे नवदीप सिंह ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटे थे। घटना वाले दिन पुष्पिंदर सिंह ने बेटे से यह कहकर घर से निकलने की बात कही थी कि वे फ्लैट पर प्लंबर का काम करवाने जा रहे हैं। बताया गया है कि वे सोसाइटी में आकर सातवीं मंज़िल पर पहुंचे और वहां से छलांग लगा दी। सामने स्थित टावर नंबर 11 की बालकनी में मौजूद महिला ने उन्हें छलांग लगाते देखा और रुकने के लिए चिल्लाकर कहा, लेकिन तब






तक वे छलांग लगा चुके थे। सातवीं मंजिल से गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि पुष्पिंदर सिंह एक जिंदा दिल इंसान थे और वह जब रॉयल एस्टेट सोसाइटी में रहते थे उस समय वह सुबह और शाम गुरु घर भी जाते थे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उनका किसी से भी कोई वैर नहीं था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वह सीनियर सिटीजन फॉर्म की मीटिंग भी समय-समय पर अटेंड करते रहते थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। शव को डेराबस्सी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बरसाती चोअ पर कॉलोनाइजरों के अवैध कब्जे, प्रशासन बना मूकदर्शक

डेराबस्सी, यूटर्न, 28 दिसंबर। डेराबस्सी हलके में बरसाती चोअ (नालों) पर कॉलोनाइजरों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जों का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। जहां एक ओर सरकारें वर्षों से क्षेत्र को नहरी पानी उपलब्ध कराने में असफल रही हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों की खेती और जल-स्तर पूरी तरह बरसाती नालों पर निर्भर है। अब इन्हीं बरसाती चोअ पर लैंड माफिया और कॉलोनाइजरों द्वारा धड़ल्ले से कब्जे किए जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है।



जानकारी के अनुसार डेराबस्सी क्षेत्र में स्थित गुलाबगढ़ क्रीक नामक बरसाती नाले पर लंबे समय से कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। 'रेड रोज' नाम से काटी जा रही कॉलोनी के बीच से एक बरसाती चोअ गुजरती है, जिस पर कॉलोनाइजरों द्वारा मिट्टी डालकर उसे नाली का रूप दिया जा रहा है। आरोप है कि अपनी सुविधा के अनुसार बरसाती चोअ के प्राकृतिक बहाव के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। इन अवैध कब्जों का सीधा असर क्षेत्र के जल-स्तर पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार इलाके में भूजल स्तर करीब 200 फीट नीचे चला गया है। बरसाती चोअ में पानी का बहाव न के बराबर रह गया है, जिससे भविष्य में जल संकट और गंभीर हो सकता है।

जब इस संबंध में कॉलोनाइजर सिकंदर गर्ग से संपर्क किया गया तो उन्होंने सभी आरोपों को नकारते हुए कहा कि न तो उन्होंने बरसाती चोअ में मिट्टी डाली है और न ही उसके प्राकृतिक बहाव से कोई छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने दावा किया कि उनके पास ड्रेनेज विभाग से विधिवत एनओसी प्राप्त है। वहीं ड्रेनेज विभाग के कार्यकारी इंजीनियर खुशविंदर सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि बरसाती चोअ में कोई भी व्यक्ति या संस्था कब्जा नहीं कर सकती और न ही उसके प्राकृतिक बहाव के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बरसाती नाले के दोनों ओर बफर जोन के तहत 5 से 15 मीटर तक खाली जमीन छोड़ी जानी जरूरी होती है, जो नाले के बहाव पर निर्भर करती है। कार्यकारी इंजीनियर ने यह भी स्पष्ट किया कि उनके विभाग द्वारा बरसाती चोअ को लेकर किसी प्रकार की कोई एनओसी जारी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि बरसाती चोअ से जुड़ा मामला इस समय माननीय अदालत में विचाराधीन है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले में मूकदर्शक बने हुए हैं। लोगों ने मांग की है कि बरसाती चोअ पर हो रहे अवैध कब्जों को तुरंत हटाया जाए, ताकि पर्यावरण संतुलन और जल संरक्षण को बचाया जा सके।

# नव वर्ष पर स्वस्थ जीवन का संकल्प, डॉ. एच.के. खरबंदा ने दी जीवनशैली बदलने की प्रेरणा

चंडीगढ़/यूटर्न/28 दिसंबर। नव वर्ष को नई शुरूआत और स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बताते हुए पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एच.के. खरबंदा ने नागरिकों से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नया साल केवल तारीख बदलने का नाम नहीं, बल्कि अपनी जीवनशैली में सकारात्मक और स्थायी बदलाव लाने का अवसर है, क्योंकि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है।डॉ. खरबंदा ने अपने नव वर्ष स्वास्थ्य संकल्प साझा करते हुए कहा कि इस वर्ष लोगों को प्राकृतिक और शुद्ध भोजन की ओर लौटना चाहिए। उन्होंने घर में उगाई गई सब्जियों, स्थानीय व ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों को अपनाने तथा पैकेटबंद, प्रोसेस्ड और रसायनयुक्त भोजन से दूरी बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि श्रीधान यानी पांच मिलेट्स कोदरा, फॉक्सटेल, बारनयार्ड, ब्राउन टॉप और लिटल मिलेट को भोजन में शामिल कर चावल और गेहूं पर निर्भरता कम करना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। साथ ही नॉनवेज, अल्कोहल, अत्यधिक चीनी, तंबाकू, डेयरी उत्पाद, नशे और तले-भुने भोजन से बचने की सलाह दी।






डॉ. खरबंदा ने कहा कि सिर्फ भोजन ही नहीं, बल्कि खाने की आदतें बदलना भी जरूरी है। समय पर भोजन, विशेष रूप से रात का खाना सात बजे से पहले करना, धीरे-धीरे चबाकर खाना और भावनात्मक भूख को पहचानना स्वास्थ्य सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

उन्होंने नियमित रूप से 20 से 30 मिनट टहलने, योग, दंड-बैठक या पुशअप्स करने, 7-8 घंटे की नींद लेने, स्क्रीन टाइम कम करने, पर्याप्त पानी पीने और ध्यान-प्राणायाम को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। अपने संदेश के अंत में डॉ. खरबंदा ने कहा कि यह संकल्प केवल कुछ दिनों का नहीं, बल्कि जीवनभर निभाने का होना चाहिए। अपने शरीर का सम्मान करना ही असली आत्मसम्मान है। प्रकृति का दिया भोजन और अनुशासित जीवनशैली ही हमें स्वस्थ, ऊजावान और सकारात्मक बनाए रख सकती है ।

# बावा कॉलोनी के लोग बुनियादी सुविधाओं को तरसे, गंदे पानी से जीना मजबूरी

डेराबस्सी, यूटर्न, 28 दिसंबर। डेराबस्सी नगर परिषद के अधीन आने वाले वार्ड नंबर-4 स्थित बावा कॉलोनी के निवासी आधुनिक दौर में भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। कॉलोनी की गलियों में लंबे समय से दूषित पानी जमा रहने और निकासी के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



कॉलोनी वासियों अशोक कुमार, संतोष, सुरिंदर, शरीफ, मोहित, सीमा, मलखान और सुनीता ने रोष जताते हुए बताया कि पिछले काफी समय से गलियों में गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। दूषित पानी के कारण इलाके में मच्छरों और मक्खियों की भरमार हो गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को रोजाना इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे कई बार फिसलकर गिरने जैसी घटनाएं भी हो चुकी हैं। कॉलोनी वासियों के अनुसार सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है और सफाई कर्मचारियों की आमद न के बराबर है। निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे कई बार नगर परिषद और संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं। लोगों का आरोप है कि टैक्स भरने के बावजूद उन्हें सड़कों, सफाई और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं, जिससे उन्हें नारकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। बावा कॉलोनी के निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि नगर परिषद और प्रशासन ने जल्द ही इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने उच्च अधिकारियों और हलका विधायक से मांग की है कि मौके का दौरा कर गलियों की मरम्मत करवाई जाए और पानी की निकासी का तत्काल प्रबंध किया जाए, ताकि कॉलोनी वासियों को राहत मिल।

## चंडीगढ़ अग्रवाल सभा को मिला नया नेतृत्व, मंगत राम बंसल संभालेंगे अध्यक्ष पद

चंडीगढ़, यूटर्न, 28 दिसंबर। अग्रवाल सभा (रजि.) चंडीगढ़ ने संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। सेक्टर-30ए स्थित महाराजा अग्रसेन स्मृति भवन में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से मंगत राम बंसल को सभा का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके साथ सुनील गुप्ता को महामंत्री और अनिल गोयल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नई टीम का मुख्य उद्देश्य समाजसेवा से जुड़े कार्यों को और विस्तार देना तथा युवाओं व व्यापारी वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। सभा की ओर से बताया गया कि आने वाले समय में सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखते हुए शिक्षा सहयोग, सामुदायिक स्वास्थ्य, मातृ-शिशु कल्याण और जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में विशेष योजनाएं शुरू की जाएंगी। अग्रवाल सभा वर्षों से सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रही है। नव नियुक्त पदाधिकारियों से उम्मीद जताई गई कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊर्जा के साथ समाजहित में कार्य करता रहेगा।



## 'नशों के विरुद्ध युद्ध' के 302वें दिन पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 3 किलो हेरोइन सहित 97 नशा तस्कर गिरफ्तार

चंडीगढ़, यूटर्न, 28 दिसंबर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निदेर्शों पर चल रहे 'नशों के विरुद्ध युद्ध' अभियान के 302वें दिन पंजाब पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्यभर में 351 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 81 एफआईआर दर्ज कर 97 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही अब तक इस अभियान में गिरफ्तार तस्करों की कुल संख्या 42,203 तक पहुंच गई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 3 किलो हेरोइन, 1 किलो अफीम, 1.4 किलो गांजा, 21 किलो भुक्की, 557 नशीली गोलियां व कैप्सूल तथा 16,910 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इस अभियान में 71 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1,000 से अधिक पुलिस कर्मियों की 120 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया। छापेमारी के दौरान 348 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की गई। गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए त्रि-आयामी रणनीति—इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी)—अपनाई है। इसी कड़ी में आज 35 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और उपचार व पुनर्वास के लिए राजी किया गया। नशों के खिलाफ इस निर्णायक अभियान की निगरानी वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में गठित पांच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी कर रही है। पंजाब सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए यह मुहिम पूरी सख्ती और निरंतरता के साथ जारी रहेगी।

## फॉर्च्यूनर की टक्कर से छात्रा घायल, चालक पर एफआईआर दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 28 दिसंबर। जीरकपुर-पंचकूला हाईवे पर बलटाना चौकी क्षेत्र में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की टक्कर से स्कूटी सवार एमएससी की छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रिनी पुत्री जोगिंदर सिंह निवासी देवी लाल कॉलोनी, भिवानी (हरियाणा) ने बताया कि वह 2 नवंबर 2025 को पंचकूला में एचपीएससी की परीक्षा देने जा रही थी। डेराबस्सी के पास ट्रैफिक जाम होने के कारण समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए उसने ऑनलाइन सेवा के जरिए एक्टिवा स्कूटी (नंबर उल्ठ-01उउ-7065) बुक की। स्कूटी चालक विजय सिंह था और वह उसके पीछे बैठकर पंचकूला के लिए रवाना हुई। दोपहर करीब 2:45 बजे जब वे जीरकपुरझ्रपंचकूला हाईवे पर दूसरे फ्लाईओवर पर चढ़ रहे थे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही टोयोटा फॉर्च्यूनर (नंबर ल्ढ-63-ऊ-0391) ने बाईं ओर से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण दोनों सड़क पर गिर गए और चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। राह से गुजर रही एक महिला ने उन्हें अपनी कार में बैठाकर सेक्टर-20 पंचकूला स्थित अल्केमिस्ट अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज शुरू हुआ। शिकायतकर्ता के अनुसार, कुछ देर बाद फॉर्च्यूनर चालक वहां पहुंचा और अपना नाम वत्सल बताते हुए मोबाइल नंबर भी दिया तथा इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही। भरोसा दिलाने के बाद वह वहां से चला गया। बाद में रिनी को उसके भाई द्वारा भिवानी ले जाकर सनफ्लैग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में उसके बाएं पैर की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई। शुरू में चालक ने खर्च उठाने की सहमति दी, लेकिन बाद में इलाज का खर्च देने से इनकार कर दिया।

# 71वें राम नाम अखंड जप महायज्ञ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## राम नाम महामंत्र से संकटों पर विजय का मार्ग : संत अश्वनी बेदी





संत अश्वनी बेदी जी प्रवचन करते हुए, रमणीक बेदी, माँ रेखा बेदी, आशिमा बेदी



संजीव अरोड़ा, सरदार ओंकार सिंघ पाहवा, महेश मित्तल, उमा मित्तल, संध्या अरोड़ा, सुदर्शन जैन, डॉ. सूक्ष्म अहलूवालिया, नंदिनी जयरथ,



विशाल जन समूह



मनिन्दर सिंघ बिट्टा, मदन लाल बग्गा, अशोक पराशर पप्पी, राकेश पराशर, विजय दानव, मन्नू जयरथ, जीवन गुप्ता, संदीप जैन



विजय कुमारी नंचाहल, निता नंचाहल, राजीव नंचाहल, अशोक धवन, सुंदरदास धमीजा, शेरू सचदेवा, अनिल थापर, नीना थापर, अनिल शर्मा, राजेश जैन बॉबी



अमृता विडंग, भारत भूषण आशु, सनी भल्ला, रामेश्वर गुप्ता, बर्जेश बेदी, टीटू पायलट, सुषमा पायलट



सुनील मेहरा, वीरेंद्र जैन, आशु जैन, दीक्षा धवन, आदित्य सहगल, उत्सव प्रकाश, परेश चड्ढा

लुधियाना, यूटर्न, 28 दिसंबर। श्री राम शरणम, श्री राम पार्क में आयोजित 71वें राम नाम अखंड जप महायज्ञ का समापन रविवार को स्थानीय आर्य कॉलेज में गहन भक्ति, श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए संत अश्वनी बेदी महाराज ने परम पूज्य स्वामी सत्यानन्द जी महाराज के उपदेशों का स्मरण कराते हुए कहा कि 'नित्य नियम से राम नाम का जाप करने से जीवन में सकारात्मकता, शांति और संतुलन आता है।' उन्होंने कहा कि राम नाम मन को शांत करता है, चिंता और तनाव को दूर करता है तथा व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों से जूझने की अद्भुत शक्ति प्रदान करता है। संत अश्वनी बेदी ने कहा कि राम नाम एक कवच की तरह कार्य करता है, जो नकारात्मक ऊजाओं से रक्षा करता है और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की शक्ति देता है। यह भय, रोग, शोक और दरिद्रता से मुक्ति दिलाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि राम नाम केवल भौतिक सुखों तक सीमित नहीं, बल्कि यह आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सरल मार्ग है, जो आध्यात्मिक उन्नति और मोक्ष की दिशा में अग्रसर करता है। सभा में माँ रेखा बेदी जी द्वारा अमृतवाणी का पाठ किया गया, जबकि संयम भल्ला एवं समर बेदी ने भजनों और ध्वनि के माध्यम से प्रभु श्रीराम के गुणगान से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा, संध्या अरोड़ा सहित शहर की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां, सामाजिक, धार्मिक व औद्योगिक क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने राम नाम की महिमा को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## माता गुजर कौर जी और चारों साहिबजादों की शहादत की याद में कीर्तन दरबार का आयोजन

लुधियाना/यूटर्न/28 दिसंबर। माता गुजर कौर जी और चार साहिबजादों की शहादत को श्रद्धांजलि देने के लिए गुरुद्वारा दशमेश सिंह सभा ब्लॉक-जे भाई रणधीर सिंह नगर में एक भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गुरुद्वारा दशमेश सिंह सभा और धन धन बाबा दीप सिंह सेवा सोसायटी दशमेश सेवा सोसायटी द्वारा किया गया था। जिसमें पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था गुरविंदर सिंह टोनी और गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने कथा कीर्तन के माध्यम से और माता गुजर कौर जी और चारों साहिबजादों की अद्वितीय शहादत का इतिहास सुनाकर संगत को आनंदित किया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति और गुरिंदरपाल सिंह पप्पू



की पूरी टीम द्वारा गुरविंदर सिंह टोनी को सम्मान किया। इस अवसर पर एडवोकेट गगनप्रीत सिंह ने कहा कि दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपना सरबंस वार दिया। हमें उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं को याद रखना चाहिए और अपने भाईचारे के बंधन को मजबूत करना चाहिए। इस मौके पर अध्यक्ष तजिंदर पाल सिंह, सचिव गुलशन सिंह बुट्टर, गुरविंदर सिंह, हरभजन सिंह, एडवोकेट गगनप्रीत सिंह, नगिंदर सिंह, सुरजीत सिंह अरोड़ा, मनमोहन सिंह मोनी, गुरचरण सिंह, बलविंदर सिंह गाबा, रविंदर सिंह बेदी, जसवीर सिंह रिंपी, रमजीत सिंह सेठी, परमजीत सिंह लवली, राजेश गुप्ता, परमजीत सिंह बिट्टू, राजिंदर सिंह मिनी, दलजीत सिंह चहल, गुरविंदर सिंह ग्रोवर उपस्थित थे।

## विधायक रंधावा साहिबजादों और माता गुजरी जी की अतुलनीय शहादत याद में लगाए में लंगर में हुए शामिल

लालड़ू, यूटर्न, 28 दिसंबर। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा 4 साहिबजादों और माता गुजरी जी की अतुलनीय शहादत की याद में सतनाम एलसीवी ऑपरेटर यूनियन लालड़ू द्वारा आयोजित लंगर में शामिल हुए। यह कार्यक्रम यूनियन दफ़्तर के आगे आयोजित किया गया था और इसमें समुदाय के सदस्यों, राजनीतिक नेताओं और धार्मिक हस्तियों ने भाग लिया। इस मौके विधायक रंधावा ने कहा कि दशमेश पिता के चार साहिबजादों और माता गुजरी जी की अतुलनीय शहादत को याद करते हुए कहा कि यह दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी शहादत रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब गुरुओं, पीरों और शहीदों की भूमि



है। उन्होंने कहा कि साहिबजादों की शहादत साहस, बलिदान और निस्वार्थता के मूल्यों की याद दिलाती है जो सिख समुदाय में गहराई से निहित हैं। लंगर एकता और एकजुटता का प्रतीक था, जो शहीदों की विरासत का सम्मान करने के लिए विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाता था विधायक रंधावा ने लंगर के आयोजन और सिख गुरुओं के इतिहास और शिक्षाओं को संरक्षित करने के प्रयासों के लिए सतनाम एलसीवी ऑपरेटर यूनियन लालड़ू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी को समुदाय से साहिबजादों की शहादत को याद रखने और समानता, न्याय और शांति पर आधारित समाज बनाने की दिशा में काम करने का भी आग्रह किया।

# अकाल तख्त का फैसला, पार्क-होटल में शादियां नहीं होंगी, आनंद कारज सिर्फ गुरुद्वारों में, एआई फिल्मों पर रोक

पंजाब/यूटर्न/28 दिसंबर। अमृतसर में रविवार को श्री अकाल तख्त साहिब पर पांचों सिंह साहिबानों की अहम बैठक हुई। इसकी अगुवाई कार्यकारी जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने की। इस बैठक में सिख मर्यादाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इनमें आनंद कारज (डेस्टिनेशन वेडिंग), एआई से धार्मिक फिल्में बनाना और सिखा के आंतरिक मामले में राजनीतिक हस्तक्षेप की मनाही का रहा। बैठक के बाद जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज ने बताया कि अब



आनंद कारज गुरुद्वारों में ही होगा। पार्कों, होटलों और अन्य खुले या व्यवसायिक स्थानों पर आनंद कारज की पूर्णतः मनाही होगी। इसके अलावा धार्मिक विषयों पर एआई या कृत्रिम फिल्में नहीं बनाई जा सकेंगी। यदि बनानी हो तो SGPC की अनुमति जरूरी होगी।

**राजनीतिक दखल नहीं चलेगी...**सबसे खास फैसला ये रहा कि पावन स्वरूपों से जुड़े मामलों में कोई भी राजनीतिक दल हस्तक्षेप नहीं करेगा। वर्तमान सरकार और सत्ताधारी राजनीतिक दल को चेतावनी दी गई कि यदि सिखों के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप बंद नहीं किया गया, तो पंथक परंपराओं के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी टेक सिंह, सचखंड श्री हरिमंदर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी परविंदरपाल सिंह, सिंह साहिब ज्ञानी केवल सिंह तथा तख्त श्री केसगढ़ साहिब के मुख्य ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी जुगिंदर सिंह ने एकमत से इन फैसलों पर सहमति जताई और सिख समुदाय से इनके पालन की अपील की।

# चंडीगढ़ मेयर चुनावः भाजपा में नाम को लेकर गहन मंथन, पार्षदों की राय दिल्ली पहुंची, सियासी पारा चढ़ा



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 28 दिसंबर। नगर निगम मेयर चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अंदरखाने अपनी रणनीति को तेज कर दिया है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में होने वाले मेयर चुनाव से पहले पार्टी नेतृत्व ने संभावित प्रत्याशी को लेकर व्यापक फीडबैक प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में भाजपा के चंडीगढ़ प्रभारी और गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग ने रविवार को चंडीगढ़ पहुंचकर सभी भाजपा पार्षदों से अलग-अलग, बंद कमरे में चर्चा की।

सूत्रों के मुताबिक, अतुल गर्ग ने प्रत्येक पार्षद से उनकी पहली पसंद पूछी और यह भी जानने की कोशिश की कि संबंधित नाम को मेयर प्रत्याशी बनाए जाने के पीछे उनकी ठोस वजह क्या है। मौजूदा मेयर हरप्रीत कौर बबला के कार्यकाल, कार्यशैली और अनुभव को लेकर भी विस्तार से फीडबैक लिया गया। सभी राय को गोपनीय रूप से संकलित कर दिल्ली में बैठे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भेजा गया है, जहां अंतिम फैसला लिया जाएगा।

## चार नामों पर पार्टी का फोकस

भाजपा के भीतर इस समय सौरभ जोशी, महेशइंद्र सिंह सिद्धू, कंवरजीत सिंह राणा और दलीप शर्मा मेयर पद के प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। इन चारों नामों पर संगठन और पार्षद स्तर पर गंभीर मंथन चल रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि वरिष्ठ पार्षद सौरभ जोशी की दावेदारी को इस आधार पर भी समर्थन मिल रहा है कि दो बार पार्षद रहने के बावजूद उन्हें अब तक कोई बड़ा दायित्व नहीं मिला। वहीं महेशइंद्र सिंह सिद्धू और कंवरजीत सिंह राणा के पक्ष में भी कई वरिष्ठ नेताओं की सक्रिय लॉबिंग चल रही है। दूसरी ओर दलीप शर्मा को ग्रामीण और कॉलोनी क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ मजबूत करने के विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है।

## निगम सदन में टकराव तय

इधर, मंगलवार को होने वाली नगर निगम सदन की बैठक को लेकर भी राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। आम आदमी पार्टी के दो पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस और आप दोनों भाजपा पर हमलावर हैं। आप नेताओं ने अपने पार्षदों को वापस लाने के साथ-साथ भाजपा में और सेंधमारी के दावे भी किए हैं। सूत्रों के अनुसार, राजनीतिक दल अपने पार्षदों को एकजुट रखने और टूट-फूट से बचाने के लिए उन्हें बैठक के दौरान शहर से बाहर भेजने की रणनीति भी अपना सकते हैं। इससे पहले भी मेयर चुनाव के दौरान पार्षदों को कई दिनों तक शहर से बाहर रखा गया है। अब सभी की नजरें दिल्ली नेतृत्व के फैसले पर टिकी हैं। भाजपा का मेयर चेहरा कौन होगा, यह तो आने वाले दिनों में साफ होगा, लेकिन इतना तय है कि इस बार चंडीगढ़ मेयर चुनाव बेहद दिलचस्प और हाई-वोल्टेज रहने वाला है।

# पंजाब पुलिस को खुली छूटः जनवरी से दिसंबर तक 916 गैंगस्टर गिरफ्तार, 13 ढेर, डीजीपी की रिपोर्ट में और क्या-क्या?

पंजाब, यूटर्न, 28 दिसंबर। गैंगस्टरों और नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के साथ शनिवार को हुई समीक्षा बैठक में कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोरता बरतना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए पुलिस को खुली छूट दी जा रही है।

बैठक में डीजीपी गौरव यादव ने प्रदेश में हुई कार्रवाई की रिपोर्ट पेश की। 1 जनवरी से 17 दिसंबर तक पुलिस ने 916



गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया, 13 को मुठभेड़ में ढेर किया और 389 मॉड्यूल का पदार्फाश किया। इस दौरान 594 हथियार बरामद हुए। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के कार्यकाल में नशा तस्करी के कुल 63,053 मामले दर्ज किए गए। 1 मार्च से चलाए गए विशेष अभियान में पुलिस ने 40,302 तस्करों को गिरफ्तार किया और 30,144 एफआईआर दर्ज की। बरामदगी में 5,119.94 किग्रा हेरोइन, 3,458.53 किग्रा अफीम, 5.82 किग्रा कोकीन, 82.04 किग्रा आइस, 4.98 करोड़ कैप्सूल और 52.46 करोड़ रुपये की ड्रग मनी शामिल हैं।

वित्तीय जांच के माध्यम से 1,400 से अधिक मामलों में 2,730 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्तियां जब्त की गईं। अदालतों द्वारा 25,000 से अधिक एनडीपीएस मामलों का निपटारा हुआ, जिसमें 21,600 से अधिक सजाएं दी गईं। वर्ष 2025 में सजा दर लगभग 88 प्रतिशत रही।

**ड्रोन गतिविधियों पर नियंत्रण...**सीएम भगवंत मान ने कहा कि सेफ पंजाब व्हाट्सएप चैटबॉट और तकनीकी उपायों के माध्यम से 30,000 कार्रवाई योग्य सूचनाएं प्राप्त हुईं, 11,000 एफआईआर दर्ज की गईं और लगभग 14,000 गिरफ्तारियां हुईं। ड्रोन आधारित नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने में वर्ष 2025 में बड़ी सफलता मिली। सीएम ने पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैंगस्टर और नशा तस्करों पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी और प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी।

## बठिंडा के अर्जुन नगर में लापता महिला की बेरहमी से हत्या, ठंडी सड़क के पास मिली लाश

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/28 दिसंबर। बठिंडा शहर के अर्जुन नगर इलाके से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। पिछले एक दिन से लापता एक महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई और उसकी



लाश ठंडी रोड पर खड्डों के पास फेंक दी गई। मृतका की पहचान अर्जुन नगर की रहने वाली रितिका के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, रितिका एक दिन पहले अचानक लापता हो गई थी और उसका परिवार उसे ढूंढ रहा था। सुबह ठंडी सड़क के पास खड्डों के पास एक महिला की लाश पड़ी मिली, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी नरिंदर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतका की पहचान परिवार वालों ने कर ली है। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है आरोपियों की पहचान के लिए आस-पास के उउळश कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। रितिका की मौत की खबर सुनकर परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई तेज कर दी है।

## पैर फिसलने से पानी की डिग्गी में गिरी लड़की, हुई मौत

पंजाब/यूटर्न/28 दिसंबर। अबोहर के बकैनवाला गांव में एक 16 वर्षीय युवती की पानी की डिग्गी में गिरने से मौत हो गई। यह घटना




बीती शाम घर के आंगन में हुई। खुईखेड़ा थाना पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल अबोहर पहुंचाया। मृतक युवती की पहचान गुरमेल सिंह की पुत्री पूजा के रूप में हुई है। वह अपनी मां और दो भाइयों के साथ रहती थी। परिवार मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। बीती शाम पूजा घर के आंगन में बनी पानी की डिग्गी से पानी निकाल रही थी, तभी अचानक पैर फिसलने गिर गई। पुलिस के मुताबिक, काफी देर बाद जब उसकी मां को घटना का पता चला तो उन्होंने शोर मचाया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक पूजा की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर खुईखेड़ा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को डिग्गी से बाहर निकलवाकर सरकारी अस्पताल अबोहर में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर बीएनएस की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

Kajal Aggarwal



# पुणे में शादी के 24 घंटे बाद कपल अलग हुए, 2 साल से ज्यादा समय से रिलेशनशिप में थे

चंडीगढ़/यूटर्न/28 दिसंबर। महाराष्ट्र के पुणे में एक लव मैरिज करने वाले कपल के लिए शादी की खुशियां खत्म भी नहीं हुई थीं कि सच्चाई सामने आ गई। एक अजीब मामले में, एक कपल ने शादी के तुरंत बाद गंभीर मतभेद होने के बाद, शादी के 24 घंटे के अंदर ही कानूनी तौर पर अपनी शादी खत्म करने का फैसला किया। उनके तलाक के वकील ने बताया कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे और शादी करने का फैसला करने से पहले वे दो से तीन साल से एक-दूसरे को जानते थे। महिला पेशे से डॉक्टर है, जबकि पुरुष इंजीनियर है। कपल के बीच रहने की स्थिति को लेकर असहमति थी और वे इस मामले पर आपसी सहमति पर नहीं पहुंच पाए। इस मामले को संभालने वाली वकील रानी सोनावणे ने कहा कि पति और पत्नी के बीच वैचारिक मतभेद इतने गहरे थे कि उन्होंने बिना किसी देरी के अलग होने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि खास बात यह है कि इस मामले में हिंसा या आपराधिक गलत काम का कोई आरोप नहीं था। दोनों व्यक्तियों ने शांति से कानूनी प्रक्रिया का पालन किया और आपसी सहमति से शादी खत्म कर दी।



### *जल्दी से सुलझाया गया मामला*

*सोनावणे ने बताया कि भारत में तलाक के मामले अक्सर लंबे समय तक पेंडिंग रहते हैं। हालांकि, इस मामले में, मामला जल्दी सुलझ गया, और कपल ने अपनी शादी के अगले ही दिन से अलग रहना शुरू कर दिया। वकील ने आगे कहा, यह शादी लव मैरिज थी, और कपल शादी से पहले दो से तीन साल से एक-दूसरे को जानते थे। शादी के बाद, पति ने पत्नी को बताया कि वह एक जहाज पर काम करता है और वह यह नहीं बता सकता कि उसे कब या कहाँ पोस्ट किया जाएगा या वह कितने समय तक दूर रहेगा।*

### कपल ने आपसी सहमति जताई

उन्होंने कहा कि कपल ने अनिश्चित रहने की व्यवस्था को ध्यान में रखा और आपसी सहमति से यह तय किया कि अलग होना ही सबसे अच्छा विकल्प होगा। एडवोकेट सोनावणे ने कहा, कोर्ट ने ऐसे मामलों में लागू होने वाले सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों पर विचार करने के बाद अपना फैसला सुनाया। उन्होंने इस बात पर भी हैरानी जताई कि शादी से पहले दोनों के दो साल के रिलेशनशिप के दौरान इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा नहीं हुई।


# चार साहिबजादों व माता गुजरी जी की शहादत को समर्पित विशाल रक्तदान व नेत्र जांच शिविर आयोजित



लुधियाना/यूटर्न/28 दिसंबर। लुधियाना के साहिबजादा बाबा फतेह सिंह पार्क, भाई मन्ना सिंह नगर में विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा के मार्गदर्शन में मानवता की सेवा का अनुकरणीय कार्य किया गया। साहिबजादा बाबा फतेह सिंह सेवा सोसाइटी एवं लाइफ लाइन फाउंडेशन की ओर से चार साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत को समर्पित इस कार्यक्रम में चौथा विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर के दौरान कुल 70 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। वहीं आधुनिक मशीनों के माध्यम से 397 मरीजों की निशुल्क आंखों की जांच की। जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही चश्मे और दवाइयां वितरित की गई। इसके साथ ही मोतियाबिंद से पीड़ित 20 गंभीर मरीजों को लाइफ लाइन अस्पताल में इलाज के माध्यम से नई दृष्टि और नया जीवन मिलेगा। विधायक बग्गा ने कहा कि साहिबजादों की शहादत हमें मानवता, सेवा और त्याग का संदेश देती है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए समाज के जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारा दायित्व है।

इस अवसर पर पार्षद अमन बग्गा, पार्षद नीरज आहूजा बुट्टा, एडवोकेट गौरव बग्गा, डिंपल राणा, प्रीतपाल सिंह पाली, गुरप्रीत सिंह विंकल, रविंदरपाल सिंह र जू चावला, गुरप्रीत सिंह, जसवंत सिंह, अमरजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### आजकल के युवा बच्चों का पसंदीदा शब्द

### चाइल्डहुड ट्रॉमा

आजकल कई युवा बच्चे अपने हर गलत व्यवहार के लिए अपने माता-पिता को दोष देने लगे हैं। वे चाइल्डहुड ट्रॉमा जैसे शब्दों का प्रयोग करके अपनी कमियों और गलतियों को छिपाने की कोशिश करते हैं। आधुनिक समय में यह एक फैशन-सा बन गया है कि अपने स्वभाव, आदतों और गलत निर्णयों की ज़िम्मेदारी खुद लेने केबजाय माता-पिता पर डाल दी जाए और

यह कहा जाए कि हमें बचपन में मारा पीटा या डांटा गया जिसे वे भूल नहीं पा रहे। पर वे यह भूल जाते हैं कि माता-पिता ने उनकी परवरिश के लिए कितने त्याग किए हैं। एक बच्चा अच्छा जीवन पा सके, इसके लिए माता-पिता अपनी इच्छाएँ, सपने और कभी-कभी अपने स्वास्थ्य तक की परवाह नहीं करते। रातों की नींद से लेकर कठिन परिश्रम तक, सब कुछ वे सिर्फ अपने बच्चों की खुशियों और भविष्य के लिए करते हैं। सही है कि कभी-कभी पालन-पोषण में गलतियाँ हो सकती हैं, लेकिन कोई भी माता-पिता अपने बच्चे के लिए बुरा नहीं चाहते। बच्चों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता के प्रेम और त्याग की कद्र करें, न किहर बात पर उन्हें दोषी ठहराएँ। रिश्तों में सम्मान और समझ की आवश्यकता होती है। यदि युवा पीढ़ी माता-पिता के योगदान को पहचानना सीख ले, तो परिवार में प्यार, समर्पण और विश्वास और भी प्रगाढ़ हो जाएगा।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Noise Pollution:** शोर कब सामान्य रहता है और कब कानून की दहलीज लांघता है?

शादी, पार्टी, धार्मिक कार्यक्रम या नए साल का जश्न — इन सबमें संगीत और आवाज जीवन का हिस्सा है। लेकिन जब यही आवाज दूसरों की नींद, स्वास्थ्य और शांति को लगातार प्रभावित करने लगे, तो यह सिर्फ. 'मस्ती' नहीं रह जाती — बल्कि Noise Pollution बन जाती है। Noise Pollution का मतलब केवल तेज आवाज नहीं है। यह वह स्थिति है जब आवाज तय समय के बाद, रिहायशी इलाके में, या लगातार और असहनीय स्तर पर लोगों के जीवन में दखल देने लगे।

अक्सर लोग यह मान लेते हैं कि 'अनुमति मिल गई है, तो कुछ भी किया जा सकता है।' यह सोच गलत है। किसी भी कार्यक्रम की अनुमति का अर्थ है— शर्तों के भीतर आयोजन, न कि पूरी छूट। रिहायशी इलाकों में देर रात तेज DJ, घंटों चलने वाले' oudspeaker, या बार-बार होने वाली पार्टियाँ बुजुर्गों, बच्चों, मरीजों और छात्रों पर सीधा असर डालती हैं। कानून ऐसे मामलों में 'सहनशीलता' की नहीं, संतुलन की अपेक्षा करता है। यह भी जरूरी है कि Noise Pollution को 'निजी झगड़ा' कहकर टाला न जाए। जब परेशानी कई लोगों को हो रही हो, तो यह सार्वजनिक शांति और स्वास्थ्य का मुद्दा बन जाता है — और प्रशासन की ज़िम्मेदारी शुरू होती है।

आम नागरिक के लिए क्या समझना जरूरी है?

शिकायत करना बदतमीजी नहीं है। शांति से रहने की माँग करना कानूनन अधिकार है। पुलिस या प्रशासन को सूचना देना किसी के जश्न को रोकना नहीं, बल्कि सबके अधिकारों के बीच संतुलन बनाना है। कानून का उद्देश्य यह नहीं कि लोग खुश न हों। उद्देश्य यह है कि एक की खुशी, दूसरे की मजबूरी न बने।

निष्कर्ष : Noise Pollution केवल आवाज की समस्या नहीं, यह सम्मान, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता का सवाल है।

जश्न मनाइए, संगीत बजाइए —लेकिन इस समझ के साथ कि शांति भी उतनी ही जरूरी है जितनी खुशी।

# डेराबस्सी में अटल स्मृति कार्यक्रम, राष्ट्रभक्ति और सद्भाव के संदेश से गूंजा राम मंदिर परिसर





डेराबस्सी, यूटर्न, 28 दिसंबर। डेराबस्सी के रेलवे फाटक के निकट स्थित राम मंदिर परिसर में भारत रत्न, तीन बार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के पावन अवसर पर एक गरिमामय स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत इस आयोजन में अटल जी के विराट व्यक्तित्व और उनके विचारों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में दिल्ली से राज्य मंत्री दुष्यंत गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, जिला प्रधान संजीव वशिष्ट डेराबस्सी भाजपा नेता एवं प्रदेश सचिव संजीव खन्ना, तथा अमलोह से पूर्व प्रधान प्रदीप, मंडल प्रधान पवन धीमान, राजिंदर कौशिक, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश गांधी, राधे श्याम, रविंदर राणा, गुरदर्शन सिंह सैनी, सभी पुराने व नए मंडल प्रधानों सहित बड़ी गिनती पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने अटल जी के जीवन, उनके आदर्शों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें आधुनिक भारत का सशक्त स्तंभ बताया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। संजीव खन्ना ने बताया कि 'मन की बात' का यह 129वां एपिसोड था, जिसमें प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सफलताओं ने देश को नया आत्मविश्वास और नई ऊर्जा प्रदान की है। वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को सरलता, सद्भाव और अडिग राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका जीवन राजनीतिक मयार्दा और लोकतांत्रिक मूल्यों की मिसाल है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों ने अटल जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत स्नेह भोज की भी व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। पूरा वातावरण 'अटल जी अमर रहें' के नारों और राष्ट्रभक्ति के भाव से सराबोर रहा।

# सनातन सेवा समिति ने प्रदेश में चलाई धार्मिक मुहिम



लुधियाना/यूटर्न/28 दिसंबर। सनातन सेवा समिति की श्री हनुमान चालीसा मुहिम की प्रभारी रुपिंदर कौर ने रविवार यहां जारी प्रैस विज्ञप्ति के जरिए बताया कि 20 दिसंबर को पठानकोट में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी मनीष सिसोदिया तथा समिति के प्रभारी दीपक बाली व राष्ट्रीय प्रमुख विजय शर्मा द्वारा प्रदेश भर में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया था। उसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए मालवा जोन के संगठन महासचिव वरुण मेहता के नेतृत्व में लुधियाना महानगर में 27 दिसंबर से श्री हनुमान चालीसा पाठ की शुरूआत की जाएगी।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372